**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF TOURISM**

**SUMMARY OF ACTIVITIES FOR THE MONTH OF JUNE 2024**

1. After taking charge of the Union Ministry of Tourism, the Hon'ble Minister of Tourism chaired a meeting with the office bearers of Tourism Industry Associations on 21st June, 2024 at New Delhi to ideate on tourism priorities and challenges being faced by the Tourism Industry's challenges and opportunities.

2. To raise awareness about the many benefits of practicing yoga on the eve of **International Day of Yoga**, Ministry of Tourism organised a mass yoga session at Sun Dial Lawns, Qutub Minar Complex, New Delhi, on June 21, 202. The theme for this year's event was "Yoga for Self and Society. Honb'le Minister of Tourism & Culture led the event. Hon'ble Minister of State for Tourism and Petroleum and Natural Gas lead Yoga Session at Kovalam's Kerala Arts and Crafts Village". In addition, the Yoga Sessions were also organized by Ministry of Tourism through its regional offices at 53 prominent tourist places. A total of 22203 people participated in these events.

3. On the occasion of **World Environment Day**, Ministry of Tourism through its Regional India Tourism Offices organised Plantation drive at various destinations in which members of Yuva Tourism Clubs planted the trees under the **#एकपेड़माँकेनाम** campaign launched by the Hon'ble Prime Minister of India**.**

4. Additional Secretary, Ministry of Tourism virtually participated in the launch event of **India Japan Year of Tourism Co–operation** held on 13th June 2024. India and Japan are celebrating the Year 2024 as India-Japan Year of Tourism with the theme 'Connecting Himalayas with Mount Fuji'.

5. Director General (T) graced the launch event of the first **Cambodia -India Tourism year** held on 17 June, 2024 at New Delhi along with Secretary of State, Ministry of Tourism of Cambodia. The ceremony also celebrated the inaugural direct flight service by Cambodia Angkor Air between Phnom Penh and New Delhi, which commenced a day prior. The event saw participation of government officials, tour operators and business leaders from both countries.

6. Ministry of Tourism participated in the **BRICS Tourism Working Group Meeting and Tourism Minister's Meeting** which was held in Moscow, Russia from 20th to 21st June 2024. Prospects for enhancement of tourism co-operation between BRICS countries were discussed during the meeting. The Forum participants also took part in expert sessions attended by major market players,

presentations of tour operator products and travel services, and other tourism industry projects from different countries.

7. The Ministry of Tourism participated in the **first UN Regional Forum on Gastronomy** and the 36th Commission for Asia Pacific and South Asia in Cebu, Philippines, from June 26th-28th, 2024. In the meeting the issues related to gastronomy tourism and how this could be a potential tourism product were discussed. The officials from Ministry of Tourism shared the insights on tourism education and sustainable tourism development. India's best practices, including the Yuva Tourism Club and the Travel for Life initiative, were showcased as exemplary models.

8. In collaboration with Indian Council of Cultural Relations (ICCR), Ministry of Tourism participated in the 2nd edition of **Exit Engagement Evening (E3)** event organized in three cities namely Kolkata on 20th June'2024, Shillong on 21st June'2024 and Lucknow on 29th June'2024. The events were organized with the aim of facilitating foreign students studying in India and also contributing in promoting specific collaboration with Indian organizations/Institutions including Yoga/Ayush/Tourism in their countries.

9. The Ministry of Tourism disposed of 180 Public Grievances during June 2024 and 116 remained pending.

10. To cater to the growing need for skilled human resources in the employment intensive travel & tourism sector, Indian Institute of Tourism and Travel Management (IITTM), an autonomous body under the Ministry of Tourism trained 188 persons in areas like Life Saving Techniques for water sports operators, Eco Tourist Guide Training etc. under the Skill Testing & Certification programme.

11. A total of 50672 accommodation units (both classified and un-classified) are registered on the National Integrated Database of Hospitality Industry (NIDHI) portal.

12. Foreign Tourist Arrivals (FTAs) during May 2024 were 6,00,496 (Provisional) as compared to 5,98,480 in May, 2023 registering a growth of 0.3% with respect to 2023. FTAs during the period January- May, 2024 were 40,72,329 (Provisional) as compared to 37,32,231 in January-May 2023 registering a growth of 9.1% with respect to 2023.

13. India Tourism Development Corporation (ITDC) a Public Sector Undertaking under administrative control of the Ministry of Tourism signed a Business Agreement with M/s Cleartrip for booking of ITDC hotels on its website.

*********

**भारत सरकार**
**पर्यटन मंत्रालय**

**जून 2024 माह के लिए गतिविधियों का सारांश**

1. केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद, माननीय पर्यटन मंत्री ने पर्यटन प्राथमिकताओं और पर्यटन उद्योग के समक्ष आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए 21 जून, 2024 को नई दिल्ली में पर्यटन उद्योग संघों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

2. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास के अनेक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए , पर्यटन मंत्रालय ने 21 जून, 202 को सन डायल लॉन, कुतुब मीनार कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया। इस वर्ष के आयोजन का विषय था "स्वयं और समाज के लिए योग।" माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। माननीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री ने कोवलम के केरल आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स विलेज में योग सत्र की अध्यक्षता की। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से 53 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर योग सत्र भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 22203 लोगों ने भाग लिया।

3. **विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर , पर्यटन मंत्रालय ने अपने क्षेत्रीय भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया, जिसमें युवा पर्यटन क्लबों के सदस्यों ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए **#एक पेड़ माँ के नाम अभियान** के तहत पेड़ लगाए। **।**

4. अपर सचिव पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 13 जून 2024 को आयोजित **भारत-जापान पर्यटन सहयोग वर्ष के शुभारंभ समारोह में वर्चुअल रूप से भाग लिया** । भारत और जापान वर्ष 2024 को भारत-जापान पर्यटन वर्ष के रूप में मना रहे हैं जिसकी थीम 'कनेक्टिंग हिमालयाज़ विद माउंट फूजी' है।

5. दिनांक 17 जून, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित पहले **कंबोडिया-भारत पर्यटन वर्ष** के शुभारंभ समारोह में महानिदेशक (पर्यटन) ने कंबोडिया के पर्यटन मंत्रालय के

सचिव के साथ भाग लिया। इस समारोह में कंबोडिया अंकोर एयर द्वारा नोम पेन्ह और नई दिल्ली के बीच सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन भी किया गया , जो एक दिन पहले शुरू हुई थी। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के सरकारी अधिकारियों, टूर ऑपरेटरों और व्यापारिक प्रमुखों ने भाग लिया।

6. पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 20 से 21 जून 2024 तक मास्को, रूस में आयोजित **ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की बैठक और पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों के बीच** पर्यटन सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस फोरम के प्रतिभागियों ने प्रमुख बाजार हितधारकों की सहभागिता में हुए विशेषज्ञ सत्रों, टूर ऑपरेटर उत्पादों और यात्रा सेवाओं तथा विभिन्न देशों की अन्य पर्यटन उद्योग परियोजनाओं की प्रस्तुतियों में भी भाग लिया ।

7. पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 26-28 जून, 2024 को फिलीपींस के सेबू में **गैस्ट्रोनॉमी पर पहले संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय फोरम** और एशिया प्रशांत तथा दक्षिण एशिया के लिए 36वें आयोग में भाग लिया। बैठक में गैस्ट्रोनॉमी पर्यटन से संबंधित मुद्दों और इस विषय पर चर्चा की गई कि यह कैसे एक सम्भावनापूर्ण पर्यटन उत्पाद बन सकता है। पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों ने पर्यटन शिक्षा और स्थायी पर्यटन विकास पर अपने विचार साझा किए। युवा पर्यटन क्लब और ट्रैवल फॉर लाइफ पहल सहित भारत की सर्वोत्तम प्रथाओं को अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया।

8. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के सहयोग से, पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 20 जून 2024 को कोलकाता, 21 जून 2024 को शिलांग और 29 जून 2024 को लखनऊ में आयोजित **एग्जिट एंगेजमेंट इवनिंग (E3) कार्यक्रम के** दूसरे संस्करण में भाग लिया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत में अध्ययन कर रहे विदेशी छात्रों की सहायता करना और उनके देशों में योग/आयुष/पर्यटन सहित भारतीय संगठनों/संस्थाओं के साथ विशिष्ट सहयोग को बढ़ावा देने में योगदान देना था।

9. पर्यटन मंत्रालय ने जून 2024 के दौरान 180 लोक शिकायतों का निपटारा किया तथा 116 शिकायतें लंबित हैं।

10. रोजगार-प्रधान यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्यटन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्तशासी निकाय, भारतीय

पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) ने कौशल परीक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत वॉटर स्पोर्ट्स ऑपरेटरों के लिए जीवन रक्षक तकनीक, इको टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण आदि क्षेत्रों में 188 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया ।

11. राष्ट्रीय आतिथ्य उद्योग सम्बन्धी एकीकृत डेटाबेस (एनआईडीएचआई) पोर्टल पर कुल 50672 आवास इकाइयां (वर्गीकृत और गैर-वर्गीकृत दोनों) पंजीकृत हैं।

12. मई 2024 के दौरान विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) मई 2023 में 5,98,480 के स्तर की तुलना में 0.3% की वृद्धि दर्ज करते हुए 6,00,496 (अनंतिम) रहा। जनवरी-मई 2024 की अवधि में एफटीए जनवरी-मई 2023 की अवधि में रहे 37,32,231 की तुलना में 9.1% की वृद्धि दर्ज करते हुए 40,72,329 रहा।

13. पर्यटन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्राणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) ने अपनी वेबसाइट पर आईटीडीसी होटलों की बुकिंग के लिए मेसर्स क्लियरट्रिप के साथ एक व्यावसायिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

*********